राज्य	वे जिले जिनके कुछ भागों अथवा क्षेत्रों में भू-जल स्तर में 2 मीटर से अधिक की गिरावट आई है।
उत्तर प्रदेश	आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, बदायूं, बांदा, बुलन्दशहर, देवरिया, फैजाबाद, फतेहगढ़, फतहपुर, गाजीपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, कानपुर, ललितपुर, लखनऊ, मथुरा, मुरादाबाद, नैनीताल, रायबरेली, सीतापुर
पश्चिम बंगाल	जलपाईगुड़ी।
दिल्ली	शहरी खंड, महरौली खंड, अलीपुर खंड

जवाहर रोजगार योजना के अधीन व्यय की गयी धनराशि

2105 **श्रीमति सुषमा स्वराज :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में जवाहर रोजगार योजना 1988 में शुरु की गयी थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि गत वर्षों के दौरान इस योजना के अधीन प्राप्त उपलब्धियों का विश्लेषण भी किया गया है;

(ग) यदि हां, तो इस योजना के अधीन गत तीन वर्षों के दौरान किस-किस राज्य में कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी; और

(घ) कितने व्यक्तियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी) : (क) नहीं। देश में जवाहर रोजगार योजना 1.4 89 को शुरू की गई थी।

(ख) जवाहर रोजगार योजना के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों की समीक्षा समय-समय पर राज्यों के ग्रामीण विकास के प्रभारी सचिवों के साथ बैठकों में की जा रही है। कार्यक्रम की गुणात्मक समीक्षा के लिए जवाहर रोजगार योजना का समवर्ती मूल्यांकन भी शुरू किया गया है। देश में यह कार्य कई अनुसंधान संस्थाओं की मार्फत कराया जा रहा है। समवर्ती मूल्यांकन के परिणामों का पहला सैट जून, 1992 तक उपलब्ध होने की संभावना है।

(ग) और (घ) जवाहर रोजगार योजना के तहत निधियों के राज्यवार उपयोग और इसके कार्यान्वयन के गत तीन वर्षों के दौरान सृजित रोजगार का ब्यौरा अनुपत्र में दिया गया है।

[देखिए परिशिष्ट 163, अनुपत्र संख्या 41]

Pucca roads for villages

2106. SHRI KAMAL MORARKA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) what is the number of State-wise villages which are still not connected with Kutcha road and pucca road;

' (b) whether any plan has been drawn to provide these villages with road and connecting roads; and